शासकीय दंत चिकित्सा महाविघालय इंदौर

दंत चिकित्सा महाविद्यालय में 02 दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर में दिनांक 25 एवं 26.04.2025 को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पेरियोडोंशया विभाग द्वारा किया गया । कार्यशाला प्राकृतिक दांतों और इम्प्लांट के आसपास के नरम और कठोर उत्तकों का ऑगमेंटेशन आर्किटेक्ट ब्लू प्रिंट था । कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विकेंदर यादव, एम्स नई दिल्ली द्वारा अपने अनुभव साझा किये गये । कार्यशाला के दौरान लाईव सर्जिकल का भी प्रदर्शन किया गया ।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका गुप्ता द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा गया कि इस प्रकार की कार्यशालाऐं दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और अनुसंधानों को समझने में मदद करती हैं ।

कार्यशाला में डॉ.विलास नेवासकर,डॉ.मधू रात्रे डॉ. शालीन खेत्रपाल,डॉ.मनीष वर्मा,डॉ. परूल जैन एवं विभिन्न महाविद्यालय के चिकित्सको एवं महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विघार्थियों द्वारा बडी संख्या में भाग लिया जाकर अपने ज्ञान को बढाया गया । इस अवसर पर दंत चिकित्सा महाविद्यालय के वरिष्ठ दंत चिकित्सक भी उपस्थित रहे अंत में डॉ. श्रुति बाकलीवाल द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(डॉ. अलका गुप्ता)
प्राचार्य
दंत चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर

प्रति,
संपादक दैनिक
——————
समाचार पत्र इंदौर ।